भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 353 | बिजौलिया - गुरुवार, 09 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

12 घंटे में दिल्ली से मुंबई पहुंचेंगे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का 80% काम पूरा : गडकरी

कोटा-दरा टनल से निरीक्षण के दौरान बोले केंद्रीय मंत्री हाईवे सिर्फ सड़क नहीं, विकास की नई धुरी; राजस्थान के लिए बड़े प्रोजेक्ट्स का भी किया ऐलान

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

गर्वित । केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का निरीक्षण करने राजस्थान पहुंचे। उन्होंने बूंदी के लबान इंटरचेंज से कोटा की दरा टनल तक करीब 90 किलोमीटर लंबे हिस्से का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ ओम बिरला और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहे।

सभा को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि करीब 1.10 लाख करोड़ रुपए की लागत से बन रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का अधिकांश निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह केवल यात्रा का समय कम करने वाला हाईवे नहीं, बल्कि जिन क्षेत्रों से होकर गुजरता है वहां विकास की नई संभावनाएं लेकर आएगा। उनके अनुसार एक्सप्रेसवे के आसपास उद्योग, लॉजिस्टिक पार्क, शैक्षणिक संस्थान, मेडिकल कॉलेज और कृषि आधारित उद्योग विकसित होंगे, जिससे रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने राजस्थान के लिए एक और बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि कोटा से इटावा तक बनने वाले प्रस्तावित एक्सप्रेसवे का नाम अब अटल एक्सप्रेस हाईवे होगा। पहले इसे चंबल एक्सप्रेस हाईवे के नाम से जाना जाता था। करीब 15 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना का डीपीआर तैयार किया जा रहा है और जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे। यह एक्सप्रेसवे चंबल नदी के समानांतर विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की ओर इशारा करते हुए गडकरी ने कहा कि 'मुख्यमंत्री मांगते-मांगते थक जाएंगे, लेकिन मैं देते-देते नहीं थकूंगा। मेरे पास द्रौपदी की थाली है, पैसे की कोई कमी नहीं है।' उन्होंने कहा कि यदि परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग के दायरे में होगी तो उसके लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगली बार राजस्थान आने पर वे राज्य के लिए बड़े पैमाने पर नई सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति देंगे।

इससे पहले अलवर के पिनान रेस्ट एरिया में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया और पुलिस अधिकारियों को एक्सप्रेसवे पर नियमित गश्त बढ़ाने तथा मनमाने ढंग से ट्रकों की पार्किंग रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

मंदिर में शिवलिंग खंडित मिलने से आक्रोश, श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी; पुलिस ने शुरू की जांच

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित गायत्री नगर के कानून के बालाजी मंदिर में बुधवार को शिवलिंग खंडित मिलने से श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में एकत्र हो गए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। हालात को देखते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली, जांच शुरू की तथा एहतियात के तौर पर मंदिर परिसर और आसपास पुलिस बल तैनात कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह मंदिर में नियमित रूप से दर्शन-पूजन हो रहा था। श्रद्धालु सुबह करीब नौ बजे दर्शन करने पहुंचे थे और उस समय शिवलिंग पूरी तरह सुरक्षित था। कुछ समय बाद अन्य श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर देखा तो शिवलिंग खंडित अवस्था में मिला। सूचना फैलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचने लगे।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की



मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन कैमरों के सिस्टम वाले रूम पर ताला लगा होने के कारण तत्काल फुटेज नहीं देखे जा सके। इससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई। बाद में पुलिस ने संबंधित फुटेज सुरक्षित करने और उनकी जांच की प्रक्रिया शुरू की।

घटना की सूचना मिलते ही गांधीनगर थाना प्रभारी पुष्पा कासोटिया पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।

सवाईपुर क्षेत्र में झमाझम बारिश, गर्मी और उमस से मिली राहत



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

(सांवर वैष्णव) कस्बे सहित बड़ला, बनकाखेड़ा, ढेलाणा, सोपुरा जाटों का, सालरिया एवं आसपास के गांवों में बुधवार रात हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली।

दिनभर तेज गर्मी और उमस के कारण लोग परेशान रहे। रात को मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक तेज बारिश का दौर चला, जिसके बाद भी गरज-चमक के साथ रुक-रुक कर बारिश होती रही।

बारिश के चलते गांव की गलियों और सड़कों पर पानी बहने लगा। वहीं मौसम सुहावना होने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। किसानों ने भी बारिश को खरीफ फसलों के लिए लाभदायक बताया।

राजस्थान में वाणिज्यिक कर विभाग की फेसलेस स्क्रूटनी व्यवस्था लागू

रैंडम कंप्यूटर प्रणाली से होगा मामलों का चयन, करदाताओं को पोर्टल पर ऑनलाइन देनी होगी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

राज्य सरकार ने वाणिज्यिक कर विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए फेसलेस एवं रैंडमाइज्ड स्क्रूटनी व्यवस्था लागू की है। यह व्यवस्था देश में अपनी तरह की अग्रणी पहल मानी जा रही है।

नई व्यवस्था के तहत कर विवरणियों की स्क्रूटनी के लिए मामलों का चयन और अधिकारियों को आवंटन पूरी तरह कंप्यूटर आधारित रैंडम प्रणाली से किया जाएगा। साथ ही पूरी स्क्रूटनी प्रक्रिया फेसलेस माध्यम से संचालित होगी, जिससे करदाताओं और विभागीय अधिकारियों के बीच अनावश्यक प्रत्यक्ष संपर्क कम होगा तथा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बन सकेगी।



विभाग ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लंबित स्क्रूटनी प्रकरणों का रैंडम आधार पर आवंटन भी कर दिया है। जिन करदाताओं के मामले स्क्रूटनी के लिए चयनित किए गए हैं, उन्हें विभागीय पोर्टल के माध्यम से नियमानुसार सूचना भेजी जाएगी। निर्धारित समय में आवश्यक कार्रवाई नहीं करने पर सक्षम अधिकारी द्वारा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वाणिज्यिक कर विभाग ने करदाताओं से अपील की है कि वे विभागीय पोर्टल पर जारी नोटिसों और सूचनाओं की नियमित रूप से जांच करें तथा मांगी गई जानकारी और दस्तावेज निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन उपलब्ध कराएं। इससे स्क्रूटनी प्रक्रिया का समयबद्ध और सुगम निस्तारण सुनिश्चित हो सकेगा।

अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरी पीएम ई-बस, बड़ा हादसा टला

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

(सांवर वैष्णव) क्षेत्र के बनकाखेड़ा गांव के पास बुधवार दोपहर प्रधानमंत्री ई-बस सेवा की एक बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। घटना के दौरान बस में सवार यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा बनकाखेड़ा और ढेलाणा के बीच हुआ, जब बस अचानक चालक का नियंत्रण खोने से सड़क से नीचे उतर गई। हालांकि चालक की सूझबूझ से बस पलटने से बच गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई और कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

नर्मदा जल विवाद का ऐतिहासिक समाधान, राजस्थान को मिलेगा बड़ा जल लाभ

चार राज्यों के बीच वन-टाइम सेटलमेंट पर समझौता, पश्चिमी राजस्थान और शेखावाटी के जल संकट के समाधान की दिशा में बड़ा कदम

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

राजस्थान के लिए जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के मार्गदर्शन और पड़ोसी राज्यों के सहयोग से पहले पार्वती कालीसिंध चम्बल (एमपीकेसी) परियोजना तथा हथिणीकुंड बैराज के जल उपयोग को लेकर हुए समझौतों के बाद अब नर्मदा जल विवाद के दशकों पुराने मुद्दे का भी समाधान हो गया है। इससे प्रदेश के जल अभावग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता बढ़ाने के साथ सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह स्द्धड्डद्ध की मौजूदगी में राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के बीच नर्मदा अवार्ड से जुड़े लंबित भुगतान के अंतिम निपटारे (वन-टाइम सेटलमेंट) पर ऐतिहासिक समझौता हुआ। इस

अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अन्य तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

यह समझौता सरदार सरोवर परियोजना की निर्माण लागत में राज्यों की हिस्सेदारी से जुड़े वर्षों पुराने विवाद का स्थायी समाधान माना जा रहा है। चारों राज्यों की सहभागिता और सहकारी संवाद की भावना से नर्मदा नदी के लंबित मुद्दों का समाधान संभव हो सका है, जिससे भविष्य में नदी के जल का अधिक प्रभावी और समन्वित उपयोग किया जा सकेगा।

वर्ष 1979 में नर्मदा जल विवाद प्राधिकरण के अवार्ड के तहत राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के बीच जल आवंटन तय किया गया था। अवार्ड के प्रावधानों के अनुसार मानसून के दौरान उपलब्ध अधिशेष जल का उपयोग संबंधित राज्य अपने क्षेत्र में कर सकता है और यह जल उसके निर्धारित हिस्से में नहीं जोड़ा जाएगा। राजस्थान सरकार अब मानसून के दौरान मिलने वाले अधिशेष जल के भंडारण के लिए वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा के अनुरूप विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करा रही है। इसके माध्यम से पश्चिमी राजस्थान सहित जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों को भविष्य में पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण आधार तैयार होगा।

जैन समाज के मुक्तिधाम में दिनदहाड़े चोरी

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

भेरूखेड़ा मार्ग स्थित जैन समाज के मुक्तिधाम में बुधवार दोपहर अज्ञात चोर पीछे की दीवार फांदकर कमरे में घुसे और बक्से का ताला तोड़कर कपड़े चोरी कर ले गए।

मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष पारसमल जैन ने शाम को मौके पर पहुंचने पर चोरी का पता चलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

पारसमल जैन ने बताया कि मुक्तिधाम में पहले भी कई बार चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है।

11 हजार केवी बिजली लाइन का तार टूटकर गिरा, ग्रामीणों में दहशत

ठेकेदार की लापरवाही का आरोप, जांच और कार्रवाई की मांग



भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़।

(अनिल डांगी) क्षेत्र के भैसाकुंडल गांव में बुधवार को 11 हजार केवी विद्युत लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति उसकी चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह घटना हुई है। उन्होंने संबंधित विभाग से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा टूटी हुई विद्युत लाइन को सुरक्षित तरीके से जल्द ठीक कराने की मांग की है।

घटना के बाद गांव के युवाओं ने लोगों को टूटे हुए तार से दूर रहने की अपील की। ग्रामीणों से कहा गया कि जब तक विद्युत विभाग लाइन को पूरी तरह सुरक्षित घोषित नहीं कर देता, तब तक कोई भी व्यक्ति टूटे हुए तार के पास न जाए और बच्चों एवं पशुओं को भी उससे दूर रखा जाए, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर क्षेत्र में सुरक्षित विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

अभाविप मांडलगढ़ भाग का अभ्यास वर्ग संपन्न, नई नगर कार्यकारिणियों की घोषणा

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ भाग का भाग अभ्यास वर्ग बुधवार को मांडलगढ़ में आयोजित हुआ। अभ्यास वर्ग में संगठनात्मक विषयों, छात्रहित से जुड़े मुद्दों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभाग संयोजक कुनाल सिंह राणावत, जिला विस्तारक अनिल सुथार एवं भाग संयोजक विष्णु सेन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। समापन सत्र में जिला संयोजक भावेश छिपा ने मांडलगढ़, बिजौलिया एवं कोटड़ी नगर इकाइयों की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसके तहत अर्जुन साहू को मांडलगढ़ नगर मंत्री, दीपक धाकड़ को बिजौलिया नगर मंत्री तथा राहुल आचार्य को कोटड़ी नगर मंत्री नियुक्त किया गया।

इसके अलावा तीनों नगरों में सह मंत्री, कार्यालय मंत्री, एसएफडी, एसएफएस, राष्ट्रीय कला मंच, खेलो भारत, मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य विभिन्न दायित्वों पर कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां की गई। नवगठित कार्यकारिणियों का उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

मानसूनी मेहरबानी से बिसुन्दनी बांध में बढ़ी जल आवक, पहली बारिश में 1 मीटर पानी; किसानों के खिले चेहरे

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

दिलखुश

जिले में मानसूनी बारिश का असर अब जल स्रोतों पर भी दिखाई देने लगा है। सावर उपखंड की ग्राम पंचायत गोरधा स्थित बिसुन्दनी बांध में लगातार हो रही बारिश के बाद जलस्तर बढ़ने लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को बांध में 1 मीटर पानी दर्ज किया गया। सीजन की पहली अच्छी बारिश से बांध में पानी की आवक शुरू होने पर आसपास के किसानों में खुशी का माहौल है।

बिसुन्दनी बांध क्षेत्र के हजारों बीघा कृषि क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी भूमिका निभाता है। बांध में पानी भरने से जहां दो मुख्य नहरों के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होता है, वहीं आसपास के कुओं और भूजल स्तर में भी बढ़ोतरी होती है। बांध की कुल भराव क्षमता 3.27 मीटर है।

कांग्रेस नेता सांवर लाल मीणा ने बताया कि डेम में पानी की आवक से कमांड एरिया सहित छोटे और सीमांत किसान परिवारों को बड़ा लाभ मिलेगा। पहली ही बारिश में जलस्तर बढ़ने से किसानों में खासा उत्साह है और अच्छी फसल की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष बिसुन्दनी बांध पर करीब दो महीने तक चादर चलने से चिकल्या और लोधा का झोपड़ा गांवों का संपर्क बाधित हो गया था। इस समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम ने गोरधा-चिकल्या तथा चिकल्या-पिपलाज मार्ग पर लगभग 2.25 करोड़ रुपये की लागत से दो बड़ी पुलियों के निर्माण की घोषणा कर बजट स्वीकृत कराया, जिससे भविष्य में बरसात के दौरान ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री बने अमित नागौरी

राष्ट्रीय नेतृत्व ने संगठनात्मक कार्यों व सामाजिक योगदान को देखते हुए सौंपी जिम्मेदारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रदेश इकाई दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के प्रदेश महामंत्री पद पर भीलवाड़ा निवासी एवं समाजसेवी अमित नागौरी को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रसन्न मित्तल एवं राष्ट्रीय मंत्री गोपाल गोयल की अनुशंसा पर उनके संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता और समाज हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए की गई है।

अमित नागौरी लंबे समय से अग्रवाल समाज के सामाजिक, धार्मिक एवं संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक समाज को संगठित करने, युवाओं को जोड़ने तथा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नियुक्ति की घोषणा के बाद भीलवाड़ा सहित प्रदेशभर के अग्रवाल समाज में खुशी का माहौल है। समाज के पदाधिकारियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अमित नागौरी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

उमाजी का खेड़ा में जनकल्याण ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित, 22 विभागों के अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

नरेश धाकड़। राजस्थान सरकार के जनकल्याण अभियान के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत उमाजी का खेड़ा में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई की गई।

शिविर में कुल 22 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पंचायत राज विभाग द्वारा अपने विभागीय कार्यों के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के आवेदनों का निस्तारण

किया गया। शिविर के दौरान पट्टों के 3 तथा ढू॥रु व्यक्तिगत शौचालयके 6 आवेदन तैयार किए गए।

राजस्व विभाग द्वारा भी कई महत्वपूर्ण प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इनमें आपसी सहमति से बंटवारे का 1 प्रकरण, नाम शुद्धिकरण के 55 मामले, रास्ता खुलासा के 5 प्रकरण, सीमाज्ञान एवं पथरगढ़ी के 6 मामले तथा नामांतरण के 77 प्रकरणों का निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई।

शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी स्वाति झा, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, सहायक शिविर प्रभारी श्रीमती चंद्ररेखा धाकड़, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश शर्मा, सुनील खटीक, गिरदावर, पटवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

श्री चारभुजानाथ मंदिर में महायज्ञ एवं धार्मिक आयोजन संपन्न

भगवान को सवा किलो चांदी का मुकुट और हार किया अर्पित, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

बुधवारी अष्टमी के पावन अवसर पर जयनगर स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर में महायज्ञ, विशेष पूजा-अर्चना एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना करते हुए भगवान श्री चारभुजानाथ की आराधना की।

इस अवसर पर चिखली (पुणे) निवासी सोनी परिवार की ओर से भगवान श्री चारभुजानाथ को सवा किलो चांदी का मुकुट एवं हार भेंट किया गया। साथ ही

भगवान को नवीन आकर्षक पोशाक धारण कराई गई तथा मंदिर शिखर पर नया ध्वज चढ़ाया गया।

पंडित धर्मीचंद शास्त्री के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ एवं हवन संपन्न हुआ। मुख्य यजमान के रूप में मुकेश सोनी, रामेश्वरलाल उपाध्याय, नीम्बराम पांडिया, चुन्नीलाल पांडिया एवं शांतिलाल पांडिया ने आहुतियां अर्पित कीं। इस दौरान अखंड ज्योति का भी विधि-विधान से समापन किया गया।

आयोजन से एक दिन पूर्व मंगलवार रात्रि को भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भजन गायक अर्जुन राणा एवं देवेंद्र सिंह रावत ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में कैलाश वैष्णव ने महाआरती करवाई तथा कैलाश ओझा के निर्देशन में प्रसाद का वितरण किया गया।

श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा, 21 करोड़ के लक्ष्य को समय पर पूरा करने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बीओसीडब्ल्यू टास्क फोर्स, बाल श्रम टास्क फोर्स एवं बंधक श्रम सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले को 21 करोड़ रुपये का लक्ष्य आवंटित किया

गया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने श्रम निरीक्षकवार लक्ष्य निर्धारित कर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए।

बैठक में बंधक श्रमिकों की पहचान एवं खोज अभियान को और प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई। इसके लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए।

उप श्रम आयुक्त शिवदयम सोलंकी ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा शुरू किए गए 'श्रम सेतु' एवं 'लेबर चेक' मोबाइल एप का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक श्रमिकों को इनसे जोड़ने तथा विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए गए।

राष्ट्र निर्माण में किसान की अहम भूमिका, उर्वरक विक्रेताओं को निभानी होगी जिम्मेदारी: डॉ. सोनी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

कृषि विज्ञान केंद्र में खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 21 जुलाई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि डॉ. आर.एल. सोनी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में किसान की अहम भूमिका है, इसलिए उर्वरक विक्रेताओं को किसानों के हित को प्राथमिकता देते हुए संतुलित खाद-उर्वरक उपयोग के लिए मार्गदर्शन करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि डॉ. रविकांत शर्मा ने

मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उन्नत बीज और डिजिटल व्यवसाय पर जोर दिया। केंद्राध्यक्ष डॉ. सी.एम. यादव ने टिकाऊ खेती, फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा जैविक खेती की उपयोगिता बताई। उद्यान वैज्ञानिक डॉ. सुचित्रा दाधीच ने बागवानी फसलों एवं उन्नत तकनीकों की जानकारी दी, जबकि महावीर शर्मा और डॉ. लालचंद कुमावत ने एफपीओ, भंडारण एवं स्टॉक प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में जिले के 40 उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। इस दौरान हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण किया गया तथा रूपाहेली के प्रगतिशील किसान लालचंद जाट के खेत का भी भ्रमण कराया गया।

QUICK BITES

स्टेट हाईवे-12 बना मौत का रास्ता! सरदार नगर से शाहपुरा चौराहे तक जर्जर सड़क, हर दिन हादसों का खतरा

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा

परमेश्वर

जयपुर-उदयपुर को जोड़ने वाले स्टेट हाईवे-12 की हालत दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। सरदार नगर, कमालपुरा, कंकोलिया, शाहपुरा चौराहा सहित सैकड़ों स्थानों पर सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी हुई सड़क वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। आए दिन छोटे-बड़े सड़क हादसे हो रहे हैं, जिनमें कई लोग असमय अपनी जान गंवा चुके हैं।

सबसे गंभीर समस्या सड़क और उसके किनारों के बीच बने ऊंचाई के अंतर की है। सड़क की सतह और साइड शोल्डर में काफी गहराई होने के कारण वाहन यदि एक बार सड़क से नीचे उतर जाए तो दोबारा ऊपर चढ़ाना बेहद जोखिमभरा हो जाता है। खासकर दोपहिया वाहन चालक और रात के समय सफर करने वाले लोग हर पल दुर्घटना की आशंका के बीच सफर करने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग जयपुर और उदयपुर को जोड़ने वाला अत्यंत व्यस्त राजमार्ग है, जहां दिन-रात भारी वाहनों, बसों और निजी वाहनों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने से लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों और वाहन चालकों ने कई बार संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित किया, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

क्षेत्रवासियों ने राज्य सरकार और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि स्टेट हाईवे-12 पर सरदार नगर, कमालपुरा, कंकोलिया, शाहपुरा चौराहा सहित क्षतिग्रस्त हिस्सों की तत्काल मरम्मत कर सड़क के किनारों को समतल किया जाए, ताकि हादसों पर रोक लग सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

एफएसटीपी से स्वच्छता और स्वास्थ्य को मिलेगा बढ़ावा, महिलाओं को दी योजनाओं की जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के तत्वावधान में बुधवार को गंगापुर के चारभुजा मंदिर के पास कुम्हार मोहल्ला, वार्ड संख्या 2 में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं को स्वच्छता, साफ-सफाई एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें घर एवं आसपास की नालियों में कचरा जमा नहीं होने देने, घर के बाहर नियमित सफाई रखने तथा भोजन को हमेशा ढककर रखने की सलाह दी गई, ताकि मच्छर, मक्खी एवं बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियों, विशेषकर मलेरिया एवं अन्य मौसमी संक्रमणों से बचाव किया जा सके।

सहायक सामाजिक विकास अधिकारी रेखा खटीक ने महिलाओं को एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल-जल को टैंकरों के माध्यम से रायपुर रोड स्थित नेहरू नगर में निर्माणाधीन एफएसटीपी तक पहुंचाया जाएगा। वहां वैज्ञानिक तरीके से इसका उपचार कर जैविक खाद तैयार की जाएगी, जिसका उपयोग खेती में किया जा सकेगा। इससे गंदगी में कमी आएगी, पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तथा जनस्वास्थ्य को भी लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में शीतल प्रजापत, कमला देवी, प्रतापी देवी, प्रियंका, देऊ देवी, नेना सालवी, लक्ष्मी, शिमला ढोली, नजरी देवी, शंकरलाल प्रजापत, कंकु, चंदकांता एवं मोनिका शर्मा सहित स्थानीय महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

भीलवाड़ा ऑप्टिकल्स एसोसिएशन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

ऑप्टिकल्स एसोसिएशन द्वारा बुधवार को पटेल नगर स्थित स्विफ्ट कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित वातावरण को प्रोत्साहित करना रहा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष राज कुमार केसवानी ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान के तहत कॉलेज परिसर में विभिन्न पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और प्रत्येक व्यक्ति को इनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर एसोसिएशन के सुनील लखानी, अंकित निहलानी, कमल राजानी, ओम प्रकाश सेन, प्रहलाद गर्ग एवं दिनेश शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्विफ्ट कॉलेज के डायरेक्टर ऋषि शामसुखा भी उपस्थित रहे।

पूर्ण सद्गुरु की शरण से ही निरंकार प्रभु-परमात्मा की प्राप्ति सम्भव-सन्त जसविंदर

मांडलगढ़ के त्रिवेणी में बही भक्ति की सरिता

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

मानव जीवन मे ही परमात्मा को प्राप्त किया जा सकता है व जीवन को श्रेष्ठ व आनन्दमयी बनाया जा सकता है क्योंकि मानव जीवन को सबसे श्रेष्ठ बताया गया है । जिने में तो जीवन तो पशु भी विचरण कर रहा है अपना पेट भर रहा है लेकिन सोचने-समझने व विचार करने के साथ ईश्वर को प्राप्त करने की सोच केवल ओर केवल मानव योनि में ही सम्भव है। ये विचार संत जसमिन्दर सिंह मुखी एवं ज्ञान प्रचारक निरंकारी मंडल कोटा जोन की उपस्थिति में त्रिवेणी संगम पर आयोजित सन्त समागम में श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए। सिंह ने अपने विचारों में बताया कि मानव मात्र को उसके कर्मो के हिसाब से फल मिलता है। परमात्मा की समझ नही होने पर आत्मा चौरासी के चक्कर मे रहती हैं। फिर से ये मानव तन धारण नही करना पड़े व चौरासी के बंधन से मुक्ति प्राप्त करनी है तो केवल सदुरु के सहारे यह सम्भव है। अच्छे कर्मो का अच्छा फल व बुरे कर्मो का बुरा फल इंसान को इसी जन्म में भोगना पड़ता है । बुरे कर्मो का फल भोगने के लिए पशु,पेड़ व विभिन्न योनियों को धारण करना पड़ता है। सदुरु अच्छे व बुरे कर्मो को तारता है। बुरे कर्म करने वाला लोहे की चेन से बंधा हुआ होता है व अच्छे कर्म करने वाला सोने की चेन से बंधा हुआ होता है लेकिन दोनों प्रकार के लोगो को सदुरु ही भव से पार करवा सकता है। किसी भी प्रकार से श्रद्धा से ईश्वर को स्मरण किया जाता है तो वह उस इंसान की समस्याओ को सुनता है व ईश्वर उसकी मदद भी करता है। निरंकार प्रभु परमात्मा को जानकर इससे पाया जा सकता है व मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। सच्चे व पूर्ण गुरु की शरण मे जाने से सभी अंधविश्वास से दूरी हो जाती है। सांसारिक सुख तो कभी भी पाए जा सकते है लेकिन निरंकार प्रभु परमात्मा को इन सुखों से पाया नही जा सकता है। निरंकार प्रभु परमात्मा निर्लेप,बेरंगा,अडिग अजर-अमर है। यह निडर है कोई भी शस्त्र इसे काट नही सकता,पानी इसे भिगो नही सकता,अग्नि इसे जला नही सकती है ओर केवल मात्र गुरु की किरपा से ही इसे पाया जा सकता है।ईश्वर हर जगह समाया हुआ है ये कण कण में व्याप्त है। सन्त समागम में क्षत्रिय संचालक सन्त हरिचरण,गणेश महात्मा, ओमप्रकाश मेहरा,,उदय लाल,महात्मा भैरू लाल, मुखी दुर्गालाल,महात्मा पप्पू खटीक, सुखदेव बलाई,मुकेश बैरवा, दुर्गालाल बैरवा,मोहनपुरा सहित अन्य श्रदालु मौजूद रहे। स्थानीय सन्तो द्वारा हिंडौली से आए सन्त सिंह को मांडलगढ़ दुर्ग की तस्वीर,शॉल व दुप्पटा,मालाएं पहनकर स्वागत-सम्मान किया गया। सन्त समागम में श्रद्धालुओं ने गीत,भजन,विचार प्रस्तुत कर सदुरु द्वारा बताए जा रहे सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

राज्य स्तरीय अंडर-23 कुश्तीः भीलवाड़ा फ्रीस्टाइल पुरुष व महिला वर्ग का चैंपियन, ग्रीको रोमन में उपविजेता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

बूंदी के खेल संकुल इंडोर हॉल में 5 से 7 जुलाई तक आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-23 कुश्ती प्रतियोगिता में भीलवाड़ा के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रीस्टाइल पुरुष एवं महिला वर्ग में जनरल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। वहीं ग्रीको रोमन वर्ग में टीम उपविजेता रही।

अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक जगदीश जाट ने बताया कि केसरी नंदन व्यायामशाला एवं सुखाड़िया स्टेडियम के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। महिला वर्ग में 72 किलोग्राम भार वर्ग में माया माली तथा 65 किलोग्राम में चंचल माली ने स्वर्ण पदक जीता। 62 किलोग्राम में मनीषा ने रजत और 76 किलोग्राम में खेतु चौधरी ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको रोमन पुरुष वर्ग में 82 किलोग्राम भार वर्ग में प्रदीप जाट ने स्वर्ण पदक जीता। 79 किलोग्राम में जोरावर सिंह, 55 किलोग्राम में मनीष माली तथा 77 किलोग्राम में प्रिंस माली ने कांस्य पदक अपने नाम किए। समापन समारोह में राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता एवं सचिव उम्मेद सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। भीलवाड़ा की इस उपलब्धि पर केसरी नंदन व्यायामशाला के संरक्षक राधेश्याम बहेड़िया, अध्यक्ष सुवालाल जाट, धर्मेंद्र पारीक, अरुण शर्मा, रतन जाट, महेश पांडे, छोटूलाल माली, सुनील शर्मा, रतनलाल गुर्जर, विष्णु पहलवान, शंकरलाल जाट, रतन सुथार, सह प्रशिक्षक मुकेश जाट, नवीन मारू सहित खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक जगदीश जाट को बधाई दी।

मानसून की रंगीन छटाओं को कैनवास पर उकेरेंगे नन्हे कलाकार

12 जुलाई को दीपिका आर्ट अकादमी में होगा 'मानसून आर्ट कॉन्टेस्ट'

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

बरसात की फुहारों, हरियाली और प्रकृति की मनमोहक छटा को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर अब जिले के नन्हे कलाकारों को मिलेगा। दीपिका आर्ट अकादमी एवं नेशनल आर्टिस्ट एसोसियेशन के संयुक्त तत्वावधान में 12 जुलाई को 'मानसून आर्ट कॉन्टेस्ट-2026' का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उनमें कला के प्रति रुचि विकसित करना है।

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय 'मानसून' रखा गया है। प्रतिभागी वर्षा ऋतु की सुंदरता, हरियाली, इंद्रधनुष, जल संरक्षण, ग्रामीण एवं शहरी जीवन पर मानसून के प्रभाव सहित विभिन्न विषयों को अपनी कल्पनाशीलता के साथ चित्रों में उकेरेंगे। चित्रों का मूल्यांकन विषय की प्रस्तुति, रचनात्मकता, रंग संयोजन और कलात्मक अभिव्यक्ति के आधार पर किया जाएगा।

तीन आयु वर्गों में होगी प्रतियोगिता

प्रतियोगिता को तीन वर्गों में आयोजित किया जाएगा। ग्रुप-ए में कक्षा 3 से 5, ग्रुप-बी में कक्षा 6 से 8 तथा ग्रुप-सी में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

रचनात्मकता को मिलेगा बढ़ावा

आयोजक दीपिका पाराशर एवं अतुल पड़िया ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल और डिजिटल माध्यमों से हटाकर रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को भी निखारते हैं।

विजेताओं को दिए जाएंगे पुरस्कार

प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

12 जुलाई को होगा आयोजन

'मानसून आर्ट कॉन्टेस्ट-2026' का आयोजन 12 जुलाई (रविवार) को दीपिका आर्ट अकादमी, भीलवाड़ा में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी पूर्व पंजीकरण करवा सकते हैं। आयोजकों ने जिले के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

चारभुजा नाथ मंदिर का दान पात्र खुला, श्रद्धालुओं ने की चढ़ावे की गणना

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

स्थानीय चारभुजा नाथ मंदिर में बुधवार शाम को मंदिर का दान पात्र खोला गया। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और पुजारियों की उपस्थिति में दान राशि की गणना की गई।

दान पात्र खुलने के समय मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी सुरेश सोनी, चन्द्र प्रकाश सोनी और शंकर सोनी मौजूद थे। साथ ही, मंदिर के पुजारी गोपालदास वैष्णव और राजाराम वैष्णव सहित अन्य पदाधिकारी भी वहां उपस्थित रहे।

बस में सफर से पहले सुरक्षा व्यवस्था जरूर जांचें : रश्मि आर्य

लग्जरी व स्लीपर बसों की सुरक्षा जांच के लिए जिले में एक माह का विशेष अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में लग्जरी एवं स्लीपर बसों की सुरक्षा जांच के लिए एक माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने यात्रियों से बस में यात्रा करने से पहले सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि यात्री यह सुनिश्चित करें कि बस में इमरजेंसी एग्जिट, दोनों ओर निकास द्वार, अग्निशमन यंत्र तथा इमरजेंसी हैमर जैसी आवश्यक सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध और कार्यशील हों।

यदि किसी बस में सुरक्षा मानकों की अनदेखी दिखाई दे तो उसमें यात्रा करने से बचें और संबंधित विभाग को इसकी सूचना दें।

रश्मि आर्य ने बस संचालकों से भी सरकार द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं एसओपी का पूर्ण पालन करने की अपील करते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

तीन साल से कीचड़ और जलभराव की समस्या से जूझ रहा भौरन गांव

शिकायतों के बावजूद नहीं हुई सुनवाई, बरसात से पहले ग्रामीणों की बढ़ी चिंता

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

सरकार जहां स्वच्छ भारत एवं स्वस्थ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई और जल निकासी व्यवस्था पर करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा कर रही है, वहीं ग्राम पंचायत बाकरा के भौरन गांव में पिछले तीन वर्षों से कीचड़ और जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद पंचायत और प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के मुख्य मार्ग पर बरसात के दौरान पानी भर जाने और कीचड़ फैलने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। हालात ऐसे हो जाते हैं कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ती है। मानसून की शुरुआत के साथ ही समस्या और गंभीर होने की आशंका है।

ग्रामीणों ने बताया कि जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए विकास अधिकारी सीताराम मीणा को भी शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार और जनप्रतिनिधि गांवों में स्वच्छता एवं जल निकासी पर बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन भौरन गांव की स्थिति इन दावों की वास्तविकता उजागर कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित कर सड़क को कीचड़ मुक्त कराने की मांग की है, ताकि बरसात के दौरान लोगों को राहत मिल सके।

शहरी सेवा शिविर में विधायक खंडेलवाल ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

नगरपालिका परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर में विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से लोगों को एक ही स्थान पर त्वरित प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

शिविर के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को मौके पर ही राहत प्रदान की गई। इसमें एक पट्टा, दो नामांतरण, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत छह ऋण स्वीकृत किए गए तथा 24 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए।

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को बिना किसी परेशानी के एक ही छत के नीचे त्वरित एवं पारदर्शी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि पात्र व्यक्ति समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, निवर्तमान चेयरमैन संजय डांगी, अधिशाषी अधिकारी देवी सिंह राठौड़, पार्षद अनीता सुराना, भाजपा नेता मनोज सनाढ्य, पूर्व मंडी चेयरमैन रतनलाल खटीक, लादू खटीक, पार्षदगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अधूरे सड़क निर्माण के विरोध में सर्राफा बाजार बंद, व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

पांच माह 20 दिन बाद भी निर्माण पूरा नहीं, एक्सईएन के आश्वासन पर ढाई घंटे बाद खुला बाजार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नगर निगम की ओर से अधूरा छोड़े गए सड़क निर्माण कार्य के विरोध में बुधवार को सर्राफा बाजार के व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा। व्यापारियों ने सुबह 10 बजे अपने प्रतिष्ठान बंद कर विरोध प्रदर्शन किया और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। करीब ढाई घंटे तक बाजार पूरी तरह बंद रहा। बाद में नगर निगम के अधिशासी अभियंता पवन नुवाल के शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने के आश्वासन के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे बाजार दोबारा खुल गया।

व्यापारियों ने बताया कि करीब पांच माह 20 दिन पहले अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया था। बड़े मंदिर से सांगानेरी गेट तक सड़क का निर्माण पूरा हो गया, लेकिन पुराने भीमगंज थाने से अंजुमन स्कूल तक का हिस्सा अब भी अधूरा पड़ा है। पीसीसी कार्य हुए भी लगभग एक माह बीत चुका है, लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गया।

व्यापारियों का कहना है कि अधूरी सड़क के कारण दिनभर धूल उड़ती रहती है, जिससे दुकानों में गंदगी फैल रही है और ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है। बारिश के दौरान कीचड़ और गड्ढों से हालात और बिगड़ जाते हैं, जिससे आमजन और व्यापारियों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर कारोबार पर पड़ रहा है।

विरोध प्रदर्शन की सूचना पर अधिशासी अभियंता पवन नुवाल मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने शेष सड़क निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द शुरू कर निर्धारित समय में पूरा कराने का भरोसा दिलाया। इसके बाद व्यापारियों ने आंदोलन समाप्त कर बाजार खोल दिया।

व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हुआ तो वे और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने नगर निगम से अधूरे निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर पूरा कर बाजार क्षेत्र को जल्द सुगम और सुरक्षित बनाने की मांग की।

ट्रैक्टर व दुपहिया वाहनों के आरसी नवीनीकरण पर पेनल्टी में राहत, सितंबर तक एमनेस्टी योजना का लाभ

जिला परिवहन कार्यालय में ट्रैक्टर डीलरों की बैठक आयोजित, वाहन स्वामियों को योजना की जानकारी देने की अपील, जुलाई में विशेष जांच अभियान भी चलेगा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा 2026 के तहत वाहन स्वामियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई एमनेस्टी योजना-2026 के तहत कृषि ट्रैक्टर एवं दुपहिया वाहनों के पंजीयन प्रमाण-पत्र (आरसी) के नवीनीकरण पर देय शास्ति (पेनल्टी) में विशेष छूट दी जा रही है। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिक से अधिक पात्र वाहन मालिकों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए विभाग लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी क्रम में जिला परिवहन कार्यालय, भीलवाड़ा में जिले के ट्रैक्टर डीलरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी के साथ ही डीलर सुनील बियानी, शांतिलाल गुर्जर, विनोद कोठारी, मुकेश कुमार, राकेश व गजराज उपस्थित रहे। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने एमनेस्टी योजना-2026 की विस्तृत जानकारी देते हुए डीलरों से आग्रह किया कि वे अपने स्तर पर प्रत्येक ट्रैक्टर क्रेता एवं वाहन स्वामी को योजना की जानकारी दें तथा जिन वाहनों की आरसी का नवीनीकरण लंबित है, उन्हें निर्धारित अवधि में नवीनीकरण करवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इससे अधिकाधिक वाहन स्वामी राज्य सरकार द्वारा दी जा रही पेनल्टी छूट का लाभ प्राप्त कर सकेंगे और भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से भी बच सकेंगे। परिवहन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दुपहिया वाहनों का समय पर नवीनीकरण नहीं कराने पर 300 रुपये प्रतिमाह तथा कृषि ट्रैक्टरों पर 500 रुपये प्रतिमाह की दर से शास्ति देय होती है। हालांकि एमनेस्टी योजना के तहत इस राशि में विशेष राहत प्रदान की जा रही है। योजना के अनुसार दुपहिया वाहनों पर अधिकतम 1,000 रुपये तथा कृषि ट्रैक्टरों पर एक वर्ष तक लंबित मामलों में अधिकतम 2,500 रुपये और एक वर्ष से अधिक अवधि होने पर अधिकतम 5,000 रुपये तक की शास्ति में छूट का प्रावधान किया गया है।

जुलाई में चलेगा विशेष जांच अभियान

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जुलाई माह में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष और सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान बिना पंजीयन अथवा वैधता समाप्त हो चुके दुपहिया वाहनों तथा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का संचालन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त करने सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। ऐसे में वाहन मालिकों को सलाह दी गई है कि वे अपने वाहनों के सभी दस्तावेज अद्यतन रखें और एमनेस्टी योजना का लाभ लेकर लंबित आरसी नवीनीकरण समय पर करवाएं।

अब तक लाखों रुपये की पेनल्टी में मिली राहत

डीटीओ चौधरी ने बताया कि 11 फरवरी 2026 से वर्तमान तक जिले के 88 ट्रैक्टर एवं 231 दुपहिया वाहन स्वामियों को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है। इसके तहत कुल 18 लाख 46 हजार 200 रुपये की पेनल्टी में छूट प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि यह योजना 30 सितंबर 2026 तक प्रभावी रहेगी, इसलिए वाहन स्वामी समय रहते इसका लाभ उठाएं।

डीलरों से सहयोग की अपील

बैठक में परिवहन विभाग ने ट्रैक्टर डीलरों से योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार में सहयोग की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि डीलर अपने ग्राहकों को आरसी नवीनीकरण और एमनेस्टी योजना के लाभों की जानकारी देकर उन्हें समय पर प्रक्रिया पूरी कराने के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक वाहन स्वामी सरकारी राहत योजना का लाभ उठा सकें और विभाग के राजस्व संग्रह में भी वृद्धि हो।

QUICK BITES

राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा ने राजकुमार डगवाल को भीलवाड़ा युवा शहर जिलाध्यक्ष किया मनोनीत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मूलचंद पेसवानी । राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा, जयपुर ने संगठन के विस्तार और युवा शक्ति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भीलवाड़ा निवासी राजकुमार डगवाल को युवा शहर जिलाध्यक्ष (जिला भीलवाड़ा) पद पर मनोनीत किया है। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में यह घोषणा की गई। नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि राजकुमार डगवाल की सामाजिक सेवा, कार्यकुशलता, कठोर परिश्रम, निष्ठा, लगन, सक्रियता एवं समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। महासभा ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा समाज के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने में सफलता मिलेगी। महासभा ने नवमनोनीत युवा शहर जिलाध्यक्ष से अपेक्षा जताई है कि वे संगठन के नियमों एवं निर्देशों का पालन करते हुए प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। साथ ही सदस्यता अभियान को गति देते हुए युवाओं, समाजसेवियों एवं मातृशक्ति को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। राजकुमार डगवाल की नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। समाजजनों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भीलवाड़ा में संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा समाज के उत्थान के लिए प्रभावी कार्य किए जाएंगे।

जिले की 18 बालिकाएं करेगी राज्य स्तरीय 14 वर्षीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राजस्थान फुटबॉल संघ एवं जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में 11 जुलाई से होने वाली राज्य स्तरीय 14 वर्षीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में मेजबान टीम का चयन किया गया। टीम का चयन पूर्व पार्षद रेखा शर्मा ओर संघ के चेयरमैन विशिष्ट विश्नोई की अध्यक्षता में किया गया ,चयन प्रक्रिया को पारदर्शी ओर निष्पक्ष बनाने के लिय सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक ओर फुटबॉल कोच ओम प्रकाश काबरा एवं शंकर लाल जीनगर द्वारा किया गया। संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक बताया कि टीम में कृष्णा कुमावत, कन्या खटीक, युविका सिंह आराध्या जोशी राधिका शर्मा, खुशी गुर्जर ,सोनाक्षी खटीक ,राधिका खटीक, ललिता कुमावत, कृष्णा बारट ,खुशबू खटीक ,खुशबू नीमामा, पायल गुर्जर ,यशस्वी खंडेलवाल , निमिता जाट ,खुशबू मीणा ,रिया खटीक को टीम में शामिल किया गया ।वही टीम कोच मिथिलेश मारु और मैनेजर रेखा प्रजापत को बनाया गया घोषणा पर भेरुलाल जीनगर दुर्गेश जोशी कैलाश चंद्र कोठारी डालचंद चंदेल अनिल कुमार व्यास पारस कुमार छापरवाल आदि मौजूद रहे।

भाजपा नंदराय मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न, बूथ सशक्तिकरण एवं संगठन विस्तार पर दिया गया जोर

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास

(**रोशन**) भारतीय जनता पार्टी नंदराय मंडल की मासिक बैठक मंडल कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों, जनसंपर्क अभियान तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के मुख्य अतिथि एवं मंडल पालक बाबूलाल आचार्य ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर निरंतर मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को सबसे मजबूत बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य करे तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नियमित जनसंपर्क बनाए रखने और संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत ने मंडल की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि बूथ ही भाजपा संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। यदि प्रत्येक बूथ मजबूत होगा तो संगठन स्वतः ही मजबूत होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों से आपसी समन्वय के साथ संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन करने का आग्रह किया।

बैठक में संगठन विस्तार, बूथ समितियों के सुदृढ़ीकरण, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश पाराशर, मंडल महामंत्री भुवनेश चौधरी (नंदराय), मंडल उपाध्यक्ष कमलकांत पोरवाल, राजू शर्मा (देवरिया), रामकरण जाट, बूथ अध्यक्ष शशजय सिंह (गेंदलिया), गोपाल सुवालका (गेहूंली), ईश्वर सोनी, बूथ अध्यक्ष धीरज सेन (नंदराय), रतन बागरिया (किशनगढ़) सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।